

सिवनी नवभारत। नागेश्वर दुर्गा से समिति छिंदवाड़ा रोड चंदन टेंट हाउस के सामने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित।



सिवनी नवभारत। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति महावीर मढिया मांगलिपेठ सिवनी मैं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित



सिवनी नवभारत। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अंबेडकर चौक मांगलिपेठ सिवनी मैं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित।



सिवनी नवभारत। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति हनुमान मंदिर लूघरवाड़ा मे मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित।



बरघाट। श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति बजरंग चौक बरघाट में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



बरघाट। विद्युत मंडल कार्यालय के सामने बिजली विभाग द्वारा स्थापित मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा।

# सिहोरा में आज सजेगी लोकगीतों की महफिल

## बुंदेलखंड के मशहूर कलाकार भगत राजा और दीक्षा भारती देंगे प्रस्तुति

**सिहोरा नवभारत।** स्थानीय बाजार चौक प्रांगण में इस वर्ष दशहरे के अवसर पर एक भव्य लोकगीत एवं देवी गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं श्री कृष्ण सुदामा संगीत नाटक मंडल समिति के तत्वाधान में यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को रात्रि ठीक 9:00 बजे से प्रारंभ होगा।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले नौ दिवसीय दशहरे कार्यक्रम की कड़ी में यह प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण होगी। इसमें बुंदेलखंड से पधारे हुए मशहूर कलाकार गायक भगत राजा और गायिका दीक्षा भारती अपने लोकप्रिय देवी गीत और लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे।



मंदिर समिति, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति और श्री कृष्ण सुदामा संगीत एवं नाटक मंडल समिति के अध्यक्षों महेश गोल्हानीजी, सुधीर गोल्हानी जी, और श्री शालिगराम गोल्हानी जी ने समस्त क्षेत्र वासियों से विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा है कि 2 अक्टूबर की रात होने वाले इस शानदार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर कला और संस्कृति को प्रोत्साहन दें, कार्यक्रम को सफल बनाएँ, और धर्म लाभ प्राप्त करें।

## एक नजर में

### कन्याओं की झांकी बनी जनाकर्षण का केन्द्र



सिवनी। नगर में नवरात्रि पर्व पर मंडपों एवं गरबा महोत्सव स्थलों पर रौनक बनी हुई हे नगर में प्रतिमाओं के पंडालों में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे इसी प्रकार छिंदवाड़ा रोड शनिमंदिर दुर्गा पंडाल मे कन्याओं की झॉकी बनी जनाकर्षण का केन्द्र रही।

### तीन वर्ष से फरार वांरटियों को किया गिरफ्तार

सिवनी। थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा 30 सितंबर को माननीय न्यायालय सिवनी के प्रकरण क्र. 1596/2021 धारा 379,34 भादवि एंव 1595/2021 धारा 4,6,9 गौवंश अधिनियम मे तीन वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। चूंकि एक ही आरोपी गौवंश एंव चोरी जैसे संगीन अपराधो मे न्यायालय की अवेहलना करते हुए पेशी पर उपस्थित नही हो रहा था जो थाना प्रभारी हमराह स्टाफ व्दारा न्यायालय से प्राप्त वारंट पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। एक अन्य प्रकरण क्र. 940/2025 के फरार गिरफ्तारी वारंटी को भी किया गिरफ्तार कर दोनो वारंटीयो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### डुण्डासिवनी पुलिस ने वापस दिलाया गुम मोबाइल



सिवनी। राजेन्द्र तरवरे ने थाना डूण्डासिवनी उपस्थित आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि इसका रेडमी कंपनी का 11 प्रो मोबाइल 30 हजार रुपये कीमती था जो सिवनी से घर आते समय रास्ते मे मण्डला रोड पर कही गुम हो गया है। आवेदन पत्र पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा विशेष प्रयास एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर आवेदक का गुम फोन वापस दिलाया। गुम मोबाइल वापस पाकर आवेदक ने खुशी जाहिर करते हुए डूण्डासिवनी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### आरती कर्वेती का डीएसपी पद पर चयन



उगली। जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के पां. छपारा क्षेत्र की ग्राम भरवेली में निवास रत श्रीमान कर्वेती जी शिक्षक की सुपुत्री कु.आरती कर्वेती का राज्य सिविल सेवा परीक्षा के द्वारा डीएसपी पद पर इनका चयन हुआ है, उनके डीएसपी पद पर चयन होने से समूचे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है, और इन्हें सभी शुभचिंतकों के द्वारा बधाइयां क्षेत्र वासियों, ईस्ट मित्रों और स्नेहियों द्वारा दी जा रही है, उनके क्षेत्र में आगमन पर उनकि प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण किए गए स्कूल सांदिपनी हायर सेकंडरी विद्यालय पां. छपारा में प्राचार्य व समस्त स्टाफ के द्वारा स्कूल प्रांगण में सम्मान किया गया, इसी तरह सभा मंच पां. छपारा बाजार चौक में कांग्रेस कमेटी पां. छपारा द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया, उनकी इस उपलब्धि पर डीएसपी पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाइयां दी गई इस अवसर पर रमेश देशमुख, पुनाराम वरकड़े, महेश पटले, विजय निर्मलकर, राजिक भारती, राहुल राही बनवाले,सेकन निर्मलकर, दीपक मेश्राम, प्रहलाद केकती,शमीम अंसारी,वसीम कुरैशी व क्षेत्रीय जन महिलाएं व ईस्ट मित्रों की उपस्थिति रही।

# विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दी गई मौत की धमकी पर तत्काल कार्रवाई की जाए : खुराना

**सिवनी नवभारत।** हाल ही में एक टीवी बहस के दौरान भाजपा के एक प्रवक्ता द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को खुलेआम मौत की धमकी देना न केवल निंदनीय है बल्कि लोकतंत्र और कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा है। यह बयान किसी व्यक्ति विशेष पर हमला मात्र नहीं है, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और नागरिकों की सुरक्षा गारंटी पर सीधा आघात है। इस तरह की हिंसक और विषैली भाषा हमारे सार्वजनिक जीवन को दूषित करती है तथा देश की संवैधानिक मर्यादाओं को कमजोर करती है। इस संदर्भ में हम निम्नलिखित मांगें करते है कि संबंधित प्रवक्ता पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। राज्य पुलिस द्वारा तेज़, पारदर्शी और अनुकरणीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि न्याय त्वरित, दृश्यमान और कड़ा हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर ऐसी सामग्रियों की गहन जांच की जाए जो हिंसा और धमकी को बढ़ावा दे रही हैं। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा है कि हम सभी संबंधित संवैधानिक संस्थाओं से मांग करते हैं कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस मामले में त्वरित और कड़ी कार्रवाई करें, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा की गारंटी को मजबूत किया जा सके।

## नवरात्रि पर्व पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का दिलाया संकल्प

# स्वदेशी के मंत्र से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा : सुजीत जैन



**सिवनी नवभारत।** सिवनी नगर में नवरात्रि पर्व पर मंडपों एवं गरबा महोत्सव स्थलों पर रौनक बनी हुई है नगर में जगह-जगह माता रानी की प्रतिमाएं बन रही आकर्षण का केंद्र नवरात्रि पर्व पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन द्वारा माता रानी के मंडपों गरबा महोत्सव स्थलों एवं देवी जागरण कार्यक्रम में नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया सुजीत जैन अपर बैनगंगा कॉलोनी में विराजित मां भवानी के 51वे वर्ष पूर्ण होने पर महा आरती में श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम जिला स्कूल महावीर वार्ड में महाआरती एवं कृष्ण लॉन में आयोजित निकुंज रास गरबा एवं भारत माता की आरती में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं प्रत्येक स्थान पर नागरिकों को उनके द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर लालमणि लालू राय उपाध्यक्ष भाजपा, अलकेश रजक पूर्व पार्षद एवं सभापति, तुलेश डहरवाल महामंत्री युवा मोर्चा , विक्रांत दुबे पूर्व महामंत्री , हरीश तिवारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मां खैरापति माता मंदिर में हवन-पूजन हुआ संपन्न

**गणेशगंज नवभारत।** शारदीय नवरात्रि पर्व शुभारंभ के प्रथम दिवस से ही नगर के बीचों बीच स्थित मां खैरापति माता मंदिर गणेशगंज में विधिवत पूजन पाठ व श्री दूर्गा सप्तशती पाठ का बुधवार को विराम के साथ हुआ हवन पूजन ,



मां खैरापति माता मंदिर के पुजारी अरिमर्दन तिवारी (गुड्डक) द्वारा प्रतिदिन मातारानी को दिनानुसार वस्त्र धारण करा पूरे विधि विधान से पूजन करते हुए प्रतिदिन मां श्री दूर्गा सप्तशती पाठ किया गया। जिसमें



ग्रामवासियों ने यथाशक्ति सहयोग प्रदान किया ।वही मातारानी की नौ दिनों तक सुबह शाम ढोल नगाड़ों के साथ भव्य आरती पूजन की गई जिसमें माताएं बहनें सहित श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। मगंलवार को अष्टमी तथा बुधवार को नवमी तिथि पर विधिवत हवन पूजन कन्या भोजन , ब्राह्मण भोजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सिवनी की नई कलेक्टर होंगी शीतला पटले संस्कृति जैन भोपाल स्थानांतरित

**सिवनी नवभारत।** - मध्यप्रदेश शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिले के कलेक्टरों के तबादले किए हैं।मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश क्रमांक ई-1/142/2025/5/एक भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर, 2025 भाप्रसे अधिकारियों को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया है। इस आदेश के तहत सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ( 2015 बैच) का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनकी जगह अब श्रीमती शीतला पटले (2014 बैच) को सिवनी का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। श्रीमती शीतला पटले 2014 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। वे नरसिंहपुर जिले की कलेक्टर के पद पर कार्यरत थीं। राज्य शासन ने उन्हें स्थानांतरित कर सिवनी जिले का दायित्व सौंपा है। वहीं सुश्री संस्कृति जैन को आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल एवं अतिरिक्त प्रभार मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल सौंपा है।



### जहरीले पदार्थ से युवक गंभीर

सिवनी। कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुकतरा निवासी रोहित चक्रवर्ती (23) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उपचार जारी है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित



**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शिक्षकों को किया सम्मानित जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने पर विकासखण्ड धनौरा के सक्षम प्रशिक्षित मेंटोर शिक्षक श्रीमती रानू पटले माध्यमिक शाला दोनदवानी, श्रीमती संध्या दांगी माध्यमिक शाला आमनाला, संजय मरकाम माध्यमिक शाला सलेमा पदस्थ शिक्षकों को जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा सभी शिक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सक्षम जीवन कौशल ब्लॉक प्रबंधक ने बताया गया कि विद्यालय स्तर पर जनजातीय विद्यार्थियों को जीवन कौशल संबंधी कार्य सिखाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## शिक्षक संघ के संगठन मंत्री हुए सेवानिवृत्त



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी में पूर्व में संगठन मंत्री का दायित्व संभाल रहे श्री नौबत प्रसाद शुक्ला जो प्राथमिक शाला डूंगरिया में पदस्थ थे विगत दिवस अपने अर्धवार्षिक की पूर्ण कर शासकीय दायित्व से सेवानिवृत हुए इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला वर्तमान संगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा तथा जिला शाखा के सचिव संतोष सूर्यवंशी ने विद्यालय में उपस्थित होकर उन्हें शाल श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया तथा श्री शुक्ल द्वारा संगठन में किया गया कार्यों तथा शिक्ष को की समस्याओं पर उनके द्वारा किए गए कर्तव्यों की जानकारी विद्यालय परिवार एवं बच्चों को दी इस अवसर पर विद्यालय परिवार से श्री सुभाष सोनी श्री मौर्य श्री ठाकरे आंगनबाड़ी प्रमुख तथा समूह की सभी कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के बच्चों के बीच श्री शुक्ला कौशल एवं श्रीफल प्रदान कर उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय से विदाई प्रदान की अंत में नौबत प्रसाद शुक्ला ने सबके प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# गौवंश सहित एक कार जब्त, 3 गौवंश मुक्त कराये

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता गौ तस्करो एंव गौवंश में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने के संबंध मे संवेदनशील है, जो एएसपी दीपक मिश्रा एंव नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा कार्यवाही की जाती रही है।

इसी क्रम डूण्डासिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी व इनकी टीम व्दारा पूर्व मे भी गौवंश तस्करो पर सख्त कार्यवाही की गयी है इसी क्रम मे दिनांक 01/10/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक कार में गौवंश भरकर नागपुर तरफ जाने वाला है जो थाना स्तर पर टीम गठित कर तकनीकी सहायता लेकर वाहन चैकिंग लगाई गयी।



उक्त कार की सूचना मिलने पर कार को रोकने का प्रयास किया गया जो कार चालक द्वारा अपनी कार को रफ्तार से भागाने का प्रयास किया जिसे टीम व्दारा घेराबंदी कर डूंडासिवनी क्षेत्रांतर्गत नागपुर सिवनी बायपास रोका गया जो पुलिस को देख कर तस्कर अंधेरा का फायदा उठा कर भाग गये। कार चेक करने पर तीन नग गौवंश पैरो मे रस्सी बांधकर क्करूरता पूर्वक भरे गये थे। जिन्हे मुक्त कराया गया। कार चालक के विरुध्द थाना डूण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 467/2025 धारा 4,6,9 गौवंश प्रति. अधि. 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम कायम कर विवेचना मे लिया गया फरार आरोपियो की तलाश पताशजी जारी है।




पदयात्रा | 4 अक्टूबर की पदयात्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में की जावेगी, पदयात्रा का यह 32वां वर्ष है

# आज से प्रारंभ होगी मोहन की ग्राम स्वराज पदयात्रा

**सिवनी नवभारत।** जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवम राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के संयोजन में प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली ग्राम स्वराज पदयात्रा दिनांक 2 अक्टूबर 2025 से निकाली जाएगी।

जो की विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए दिनांक 10 अक्टूबर को 2025 को संपन्न होगी। चूंकि इस बार दिनांक 2 अक्टूबर को सनातन धर्मावलंबी बंधुओं का बड़ा पर्व विजयादशमी दशहरा पर्व पड़ रहा है । अत: 2 अक्टूबर को पदयात्रा सांकेतिक रूप से की जाएगी। 3 अक्टूबर को पदयात्रा का विश्राम रहेगा। 4 अक्टूबर को पदयात्रा बरघाट विकास खंड के खूंट ग्राम से प्रारंभ होगी एवम बरघाट नगर का भ्रमण करते हुए आदर्श लॉन में संपन्न होगी।



4 अक्टूबर की पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी करेंगे। यहां विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि पदयात्रा का यह 32 वा वर्ष है। श्री चंदेल ने इस पदयात्रा का शुभारंभ 2 अक्टूबर 1994 से किया था उस समय वे जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। तब से लेकर आज तक उनके राजनीतिक जीवन में कई उतार चढ़ाव आए वे कभी पद में रहे कभी नहीं भी रहे परंतु पदयात्रा अनवरत जारी रही और आज भी जारी है। श्री चंदेल पदयात्रा के माध्यम से इस जिले के 1500 गांवों में से लगभग 900 ग्रामों का भ्रमण कर चुके हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला उपाध्यक्ष एवं बरघाट क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य सतीश सरयाम ने समस्त कांग्रेस जनों एवं आरजीपीआरएस के समस्त स्वराज साथियों से पदयात्रा में सहभागिता की अपील की है।

## जल संसाधन विभाग में पदस्थ लिपिक रमाकांत सिंह ठाकुर हुए सेवानिवृत्त



**सिवनी नवभारत।** जल संसाधन विभाग सिवनी में लिपिक पद पर पदस्थ रमाकांत सिंह ठाकुर ने 32 वर्षों तक अपनी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से सेवाएँ प्रदान कीं। बीते दिवस दिनाँक 30 सितम्बर को अपनी अर्धवार्षिक सेवा आयु पूर्ण करने के उपरांत वे ससम्मान सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, सहकर्मियों, परिवारजनों एवं इष्टमित्रों की उपस्थिति में रही। समारोह में वक्ताओं ने उनके योगदान को सराहा तथा उनके स्वस्थ और सुखमय उज्ज्वल भविष्य की कामना की।